तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 16 मई 2026



12 बसना क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की कमी से लोग परेशान



12 बागबाहरा में रविशंकर का जन्मदिवस धूमधाम ...






# पेट्रोल-डीजल के लिए मारामारी, पंपों पर लगीं लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के पेट्रोल पंपों में इन दिनों पेट्रोल और डीजल के लिए लंबी कतारें देखी जा रही है। एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा पेट्रोल की उपलब्धता का दावा है। वहीं आम नागरिक के जेहन में किल्लत के खौफ के चलते लोग लगातार पंपों में पहुंच रहे हैं। वहीं कई पंपों में ईंधन नही होन के कारण और कुछ ही पंपों में ईंधन होने के चलते काफी भीड़ लग रही है।

शहर के सभी प्रमुख पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। शहर और आसपास कुल 8 पेट्रोल पंप संचालित हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि इनमें से अधिकांश पंपों पर ईंधन का स्टॉक खत्म हो चुका है। शहर के मुख्य मार्ग, विशेषकर रायपुर-बागबाहरा मार्ग पर स्थित सिटी कोतवाली पुलिस पेट्रोल पंप की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। यहां ईंधन आने की सूचना मिलते ही हजारों की संख्या में लोग अपनी गाड़ियों के साथ पहुंच रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

ईंधन की इस कमी के पीछे एक बड़ा कारण डिपो की नई सप्लाई नीति को बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, केवल उन्हीं पेट्रोल पंपों को सप्लाई दी जा रही है जो डिपो में एडवांस पेमेंट जमा कर रहे हैं। जिन पंप संचालकों ने एडवांस भुगतान नहीं किया है, वहां सप्लाई पूरी तरह बंद है।

## आम नागरिक के जेहन में किल्लत का खौफ, व्यवस्था बिगड़ने से हालात खराब

### जरूरत से ज्यादा भंडारण बढ़ा रहा है मुश्किल

भविष्य में पेट्रोल-डीजल पूरी तरह बंद होने के डर से आम जनता में घबराहट में देखी जा रही है। लोग अपनी जरूरत से कहीं अधिक ईंधन का स्टॉक करने की कोशिश कर रहे हैं। लोग न केवल गाड़ियों की टंकियां फुल करवा रहे हैं, बल्कि डिब्बों और बोतलों में भी पेट्रोल भरकर ले जा रहे हैं। इस अत्यधिक मांग के कारण जो स्टॉक दो दिन चलना चाहिए, वह महज कुछ घंटों में ही खत्म हो रहा है।




### प्रशासनिक और आर्थिक तंत्र पर असर

जिले में प्रतिदिन हजारों लीटर ईंधन की खपत होती है। मालवाहक वाहनों को डीजल न मिलने के कारण जरूरी सामानों की आवाजाही पर भी असर पड़ने लगा है। अगर यही स्थिति कुछ दिन और बनी रही, तो फल, सब्जी और दूध जैसी अनिवार्य वस्तुओं की कीमतों में भी भारी उछाल आ सकता है। फिलहाल, प्रशासन की ओर से इस संकट को सुलझाने के लिए उचित कदम उठाए जा रहें हैं।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप के पास हादसा युवक पहुंचा अस्पताल

**महासमंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भोरिंग के पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, ग्राम बाना थाना खरोरा जिला रायपुर निवासी पवन बंजारे का पुत्र राजू बंजारे 11 मई को बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडब्लू 5936 में दवाई लेने तुमगांव गया था। घर लौटते वक्त रात करीबन 10:30 बजे ग्राम भोरिंग राधेश्याम किसान सेवा पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाकर साईड से ठोकर मार दी, जिससे राजू बंजारे के सिर, पैर में चोटे आई, उसकी मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गई। राजू का ईलाज जारी है। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध कायम किया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट, गाली गलौज करने वाले आरोपी पति के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को फोकटपारा शिवमंदिर के पास बसना की निवासी चंद्रकांति बंजारा ने बताया कि वह बीनू साहू के घर किराये में रहकर रोजी मजदूरी का काम करती है। उसका पति पवन बंजारा ड्रायवरी का काम करता है, जो घर चलाने के लिए खर्चा नहीं देता है, इसके चलते वह दूसरों के घर काम कर घर का खर्चा चलाती हैं। उसका पति दूसरे के घर काम करने से मना करते हुए विवाद करता है। विवाद के चलते मकान मालिक घर खाली करने के लिये कह रहा था। 14 मई की सुबह करीब 10 बजे के आसपास वह मकान मालिक से बातचीत कर रही थी, तभी उसके पति ने शराब के नशे में आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## कार्रवाई : पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में घेराबंदी कर युवक को छुड़ाया

# उधारी की रकम के लिए अपहरण करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

उधार दी गई रकम की वसूली के लिए युवक का अपहरण कर ओडिशा ले जा रहे छः लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के साथ अपहत युवक को उनके चंगुल से छुड़ाते हुए सुरक्षित वापस लाया साथ ही अपहरण की घटना में उपयोग किए गए वाहन को भी जब्त कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस को मुखबिर के माध्यम से 14 मई को सरायपाली स्थित हुंडई शोरूम के पास से कुछ अज्ञात लोग एक व्यक्ति को जबरदस्ती कार क्रमांक ओडी 17 एजी 7735 में डालकर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सरायपाली पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए चारों तरफ कड़ी नाकेबंदी की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध कार को आते देखा और उसे रोककर पूछताछ शुरू की। कार में 6 व्यक्ति सवार मिले जिन्होंने पुलिस को अपना नाम देबार्चन मलिक, राजेश मलिक, रंजन प्रधान, भागीरथी बेहरा, बंशीधर बंछोर और कुनु बाघ बताया।




### 3.5 लाख रुपए की उधारी बनी अपहरण की वजह

कार की तलाशी में प्रार्थी निरंजन दास (32 वर्ष) निवासी चट्टीगिरोला मिला। जिसे आरोपी जबरदस्ती ओडिशा ले जा रहे थे। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उसने मुख्य आरोपी देवार्चन मलिक से 3,50,000 रुपये उधार लिए थे। इसमें से उसने 50 हजार रुपये वापस कर दिए थे, लेकिन बाकी 3 लाख रुपये वह समय पर नहीं चुका पाया था। इसी बकाया रकम की वसूली के लिए आरोपियों ने योजना बनाई और निरंजन का अपहरण कर लिया। आरोपियों ने प्रार्थी का मोबाइल छीनकर बंद कर दिया था और उसे जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी।

### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी

सरायपाली पुलिस ने त्वरित सूचना प्रसारण और बेहतर समन्वय के कारण आरोपियों को जिले की सीमा पार करने से पहले ही दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्रार्थी को मुक्त कराया और घटना में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया। पुलिस ने देबार्चन मलिक (ओडिशा), राजेश मलिक (ओडिशा), रंजन प्रधान (सारंगढ़), भागीरथी बेहरा (ओडिशा), बंशीधर बंछोर (ओडिशा), कुनु बाघ (ओडिशा) को गिरफ्तार किया हैं। थाना सरायपाली में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 168/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं 296, 351(2), 140(3), 3(5) में मामला दर्ज किया गया है। सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# वन अधिकारी-कर्मचारियों से दुर्व्यवहार, आरोपियों पर जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम तमोरा के वन कक्ष क्र. 95, 96 में अतिक्रमण कर बनाए गए मेड़ का समतलीकरण कराने के दौरान कुछ लोगों ने सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा और अन्य कर्मचारियों के साथ गाली गलौज और मारपीट की धमकी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। मामले की रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

खल्लारी पुलिस को सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा व 52 सर्किल आमाकोनी में पदस्थ नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि 13 मई को वन परिक्षेत्र बागबाहरा अंतर्गत परिवृत्त आमाकोनी वन कक्ष क्रमांक 95, 96 तमोरा में वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं चौकीदारों को साथ जाकर अतिक्रमणकारियों द्वारा पूर्व में अतिक्रमण कर मेड़ बनाया गया था। जिसका चौकीदारों के द्वारा समतलीकरण कराया जा रहा था, इसी दौरान सुबह करीबन 10 बजे चंदन पिता मोहन निषाद, सुखराम पिता साधवा खैरवार, लक्ष्मीबाई पति पिपरी ध्रुव एवं अन्य अतिक्रमणकारी सभी निवासी ग्राम तमोरा अपने हाथ में डंडा लिए आए और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए सभी कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गालियां और मारपीट करने की धमकी देने लगे। प्रार्थी ने बताया कि उसने घटना को वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा लोकनाथ ध्रुव को अवगत कराया है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूदध खल्लारी थाने में धारा 296, 221, 132, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से सिरको में 5 घायल, दो बच्चे भी शामिल

**बसना।** पिथौरा विकासखंड के ग्राम सिरको में शुक्रवार को अचानक मौसम खराब होने और तेज आंधी-तूफान के बीच आकाशीय बिजली गिरने से पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार मौसम बिगड़ने के दौरान तेज हवा और बिजली चमकने लगी। इसी बीच खेत में धान कटाई कार्य चल रहा था, तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हर्वेस्टर चालक उपेंद्र पाल साव (31 वर्ष) तथा उनका सहायक चालक (45 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना में दो मासूम बच्चे धीरज बरिहा (9 वर्ष) और निखिल निषाद (10 वर्ष) भी घायल बताए जा रहे हैं। एक अन्य व्यक्ति के भी घायल होने की जानकारी मिली है। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने सभी घायलों को आनन-फानन में बसना शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों की निगरानी में सभी घायलों का इलाज जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक मौसम परिवर्तन और तेज गर्जना के बीच यह हादसा हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# बाइक की टक्कर से घायल होकर भर्ती युवक की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सांवरा डेरा पानी टंकी के सामने बाइक की ठोकर से युवक घायल हो गया. उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, रमेश कुमार निषाद पिता तिहारू राम निषाद (35 साल) निवासी भाठापारा वार्ड नं0 13 तुमगांव 24 मार्च को अपने मोटरसायकल क्रमांक सीजी 06 एचए 6416 से तुमगांव से भोरिंग चौक होते महासमुंद रोड भाठापारा तुमगांव अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रात लगभग 8:30 बजे सांवरा डेरा पानी टंकी के सामने पीछे से महासमुंद की ओर जा रही बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 0488 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर रमेश कुमार निषाद ठोकर मार दिया. उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## महुआ शराब बरामद, दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम लोहड़ीपुर जाने के रास्ते के पास दो लोगों के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी गणेश खुंटे पिता स्व. दिलीप सिंह खुंटे (22 साल) उड़ेला चौकी भंवरपुर और दशरथ खुंटे पिता स्व दिलीप सिंह खुंटे (25 साल) उड़ेला चौकी भंवरपुर के कब्जे से हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब करीबन 10 लीटर कीमत 2000 रुपए एवं बाइक को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

# बिजली बंद रहने के कारण पानी सप्लाई प्रभावित, लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में लगातार बढ़ती भीषण गर्मी और बार-बार बिजली बंद होने की समस्या ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। ग्राम पंचायत अछोला में भी हालात काफी गंभीर हो गए थे, जहां पेयजल संकट के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कई मोहल्लों में पानी की उपलब्धता कम हो जाने से लोगों को दूर-दूर तक पानी के लिए भटकना पड़ रहा था। ऐसे कठिन समय में ग्राम पंचायत अछोला ने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए त्वरित पहल की। ग्राम पंचायत अछोला के उपसरपंच विश्वनाथ धीवर एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए गांव में तत्काल पानी टैंकर की व्यवस्था करवाई। पंचायत द्वारा विभिन्न वार्डों और जरूरतमंद क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी पहुंचाकर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पंचायत की इस पहल से ग्रामीणों को भीषण गर्मी के बीच बड़ी राहत मिली है।



ग्रामीणों ने बताया कि बिजली बंद रहने के कारण पानी सप्लाई प्रभावित हो रही थी, जिससे घरों में पानी की भारी किल्लत हो गई थी। छोटे बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में पंचायत द्वारा तत्काल पानी टैंकर की व्यवस्था कराना सराहनीय कदम है। उपसरपंच विश्वनाथ धीवर ने कहा कि ग्राम पंचायत जनता की समस्याओं को लेकर पूरी तरह गंभीर है। भीषण गर्मी के इस दौर में किसी भी ग्रामीण को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए पंचायत लगातार निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आगे भी अतिरिक्त टैंकरों की व्यवस्था की जाएगी तथा हर वार्ड तक पानी पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

## *छांदनपुर में मीटिंग के दौरान मारपीट*

***महासमुंद।** ग्राम छांदनपुर में मीटिंग के दौरान एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को महेंद्र कुमार साव ने बताया कि 14 मई की रात 08.30 बजे से कीर्तन नाम यज्ञ के संबंध मे ग्राम छान्दनपुर बीच गली गजाधर नायक के घर के सामने मीटिंग हो रही थी। जिसमें गांव के पंच, सरपंच एवं प्रमुख लोग उपस्थित कर चंदा को लेकर बात कर रहे थे। तभी करीबन 10.30 बजे गांव के मिनीकेतन भोई ने तालाब में पानी क्यों नहीं भर रहे हो कहते हुए कीर्तन नाम यज्ञ का खर्च तुम ही वहन करोगे बोल कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मे रखे रूमाल में घर से बांधकर लाए गए कठोर वस्तु से उसके सिर में मारा। जब उसके रूमाल को छीनकर देखा तो उसके अंदर लोहे का बोल्ट था। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।*






# जनगणना वाले किसी महिला को पति का नाम बताने नहीं कर सकते बाध्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की महिलाओं के बीच एक परंपरा या सामाजिक रूढ़ि ये है कि महिलाएं अपने पति का नाम पूछने पर भी नहीं बतातीं। कई बार जरूरत पड़ने पर संकेतों में नाम बताते हुए भी झिझकती हैं। अब अगर जनगणना के दौरान इन महिलाओं से पति का नाम पूछा गया, तो भला वे कैसे बताएंगी। शायद इसी बात को भांपकर जनगणना करने वालों से कहा गया है कि किसी महिला के पति का नाम या मृत पति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

यही नहीं, किसी भी व्यक्ति को घर की महिला का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकेगा। राज्य सरकार के गृह विभाग ने जनगणना के संबंध में आधिकारिक रूप से यह बात कही है। खास बात ये भी है कि आम जनता से कहा गया है कि जनगणना अधिकारी को सही और स्पष्ट जानकारी दें। गृह विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब देना नागरिकों की कानूनी बाध्यता है और इसमें कोताही बरतने या गलत जानकारी देने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

### कानून और आपकी जिम्मेदारी

*जनगणना अधिनियम के तहत नागरिकों के लिए कुछ विशेष नियम बनाए गए हैं। अधिसूचना के मुताबिक, हर व्यक्ति जनगणना अधिकारी द्वारा पूछे गए सवालों का अपनी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार उत्तर देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। हालांकि, इसमें कुछ सामाजिक रियायतें भी दी गई हैं। जैसे किसी भी व्यक्ति को अपने परिवार की किसी महिला सदस्य का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। कोई भी महिला अपने पति या मृत पति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं होगी, यदि उनकी सामाजिक रूढ़ियों में ऐसा करना वर्जित हो।इसके अलावा, नागरिकों को अपने घरों में जनगणना अधिकारियों को प्रवेश देने और मकानों पर नंबर या चिन्ह लगाने की अनुमति देनी होगी।*

### जनगणना 2027 पर राज्य के गृह विभाग के निर्देश

### जानबूझकर गलत जानकारी देने पर जुर्माना



फाइल फोटो

### सजा और जुर्माने का प्रावधान

जनगणना के दौरान लापरवाही बरतने वालों के लिए सख्त चेतावनियां भी दी गई हैं। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर गलत उत्तर देता है, उत्तर देने से इंकार करता है, या जनगणना के प्रतीकों (नंबरों) को मिटाता है, तो उसे एक हजार रुपये तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। वहीं, यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन करने में लापरवाही बरतता है या जनगणना कार्य में बाधा डालता है, तो उसे जुर्माने के साथ-साथ तीन साल तक की जेल भी हो सकती है।

### आंकड़ों की गोपनीयता

सरकार ने यह भी भरोसा दिलाया है कि जनगणना के दौरान जुटाए गए आंकड़ों को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023' के बावजूद, जनगणना के इन रिकॉर्ड्स का उपयोग किसी भी दीवानी (सिविल) या आपराधिक कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकेगा। गोपनीयता का कड़ा पहरा- जनगणना अधिनियम, के तहत, जनगणना अधिकारी द्वारा तैयार किए गए किसी भी रजिस्टर या रिकॉर्ड का निरीक्षण करने का अधिकार किसी को नहीं है । यहाँ तक कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के बावजूद, इन आंकड़ों को किसी भी दीवानी या आपराधिक कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता ।

## खबर संक्षेप

### दीनदयाल के उपन्यास 'पीरा' का विमोचन



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हॉऊस के सभागार में गुरुवार को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा एक दिवसीय साहित्यिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार व संपादक डॉ. दीनदयाल साहू की कृति छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'पीरा' का विमोचन किया गया। उनका यह तीसरा उपन्यास है। साथ ही दो छत्तीसगढ़ी उपन्यास अंतस के पीरा और सोनहा माटी प्रकाशनाधीन हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी और हिंदी सहित कई विधाओं में 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। विमोचन के अवसर पर विधायक सुनील सोनी, विधायक अनुज शर्मा, इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा के अलावा अरुण निगम, शशि दुबे, जोशी बहनें सहित रायपुर जिले के अलावा अन्य जिलों की भी साहित्यिक प्रतिभाएं उपस्थित रहीं।

### पेट्रोल-डीजल की किल्लत, घड़ी चौक पर आज कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर।** पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के नेतृत्व में रायपुर लोकसभा के समस्त कांग्रेसी 15 मई को राजधानी रायपुर के घड़ी चौक, शहीद वीर नारायण सिंह कॉम्पलेक्स स्थित भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के दफ्तर में पेट्रोल-डीजल की किल्लत को लेकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में पेट्रोल डीजल को लेकर आम जनता के बीच हलचल मची हुई है। लोग एक से दूसरी जगह जाने के लिए घबरा रहे हैं। पेट्रोल पंपों में घंटों लंबी-लंबी लाइन लगी हुई है। मरीज परेशान हैं, व्यापार की स्थिति खराब हो रही है, छात्र परीक्षा देने जा रहे हैं, उससे वंचित हो जा रहे हैं या समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। बीजेपी सरकार मस्त है, जनता की तकलीफों से इनका कोई सरोकार नहीं है।

### छहमुंहा नाला की देखी सफाई, एसटीपी की अशुद्धि दूर करने आयुक्त के निर्देश



**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने गुरूवार को फाफाडीह क्षेत्र के छहमुहा नाला में चल रहे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नाले की सफाई प्लेटफार्म बनाकर व्यवस्थित रूप से जल्द पूरा कराते हुए कचरा उठवाने के निर्देश दिए।
आयुक्त ने ट्रांसफर स्टेशन देवेंद्र नगर का निरीक्षण कर निरंतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के छहमुंहा नाला जाम के चलते फाफाडीह अंडरब्रिज में पानी भरने और चूना भट्टी, पाठक गली में जलभराव से लोगों को हो रही परेशानी से उत्पन्न स्थिति जानने निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने छहमुहा नाला के सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद वे सकरी के ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण यूनिट की व्यवस्था देखने पहुंचे। इस दौरान निगम आयुक्त ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पूर्ण पालन करते हुए प्लांट के संचालन सुनिश्चत करने निर्देश दिए।



# बसना क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की कमी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

क्षेत्र में इन दिनों पेट्रोल और डीजल की कमी के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों में सीमित मात्रा में ही ईंधन दिया जा रहा है, जिससे वाहन चालकों में चिंता और नाराजगी बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल चालकों को केवल 100 रुपए तक का पेट्रोल दिया जा रहा है, वहीं चार पहिया वाहनों को अधिकतम 1000 रुपए तक का ही पेट्रोल या डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है। सीमित वितरण के कारण पेट्रोल पंपों में सुबह से ही लोगों की भीड़ लग रही है।

इस संबंध में पेट्रोल पंप संचालकों से बात करने पर उन्होंने बताया कि "इनपुट" यानी सप्लाई में कमी आने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध नहीं होने से मजबूरी में सीमित वितरण किया जा रहा है। ईंधन संकट का असर आम जनजीवन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। रोजमर्रा के कामकाज, नौकरी, व्यापार तथा दूर-दराज क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों, व्यापारियों और यात्री वाहनों के चालकों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### ईंधन संकट के बीच आई राहत की एक खबर

# अब रिहायशी इलाकों से लेकर हाईवे तक नजर आएंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में इस समय पेट्रोल डीजल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं, इसी समय लोगों को ईवी यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल की भी याद आ रही है। हालांकि राज्य में इन वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बेहद कम है, लेकिन राज्य सरकार ने लोगों को अब इस चिंता से उबार दिया है। छत्तीसगढ़ में अब रिहायशी कॉलोनी से लेकर हाईवे तक ईवी चार्जिंग स्टेशन नजर आएंगे। दरअसल राज्य सरकार ने पहली बार इस संबंध में नियम बनाकर इसे लागू भी कर दिया है।

### ये है मामला

*छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 'भूमि विकास नियम' में बड़े बदलाव किए हैं। नए नियमों के तहत अब रिहायशी इलाकों से लेकर नेशनल हाईवे तक पर चार्जिंग स्टेशन और सर्विस सेंटर खोलना आसान हो जाएगा। इस काम के लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग ने छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 में संशोधन करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए विकास मानदंड निर्धारित किए हैं।*

### जारी हुए नए नियम




### चार्जिंग स्टेशनों के लिए तय हुए मानक

सरकार द्वारा जारी नई गाइडलाइंस के अनुसार, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग और सर्विस सेंटर के लिए जमीन और सुविधाओं की श्रेणियां तय कर दी गई हैं। न्यूनतम स्थान- पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) के लिए कम से कम 13.5 मीटर **x** 5.5 मीटर जगह अनिवार्य होगी। फ्लूइड कूल्ड स्टेशन- भारी वाहनों और लंबी दूरी की यात्रा के लिए बनने वाले फ्लूइड कूल्ड बैटरी चार्जिंग स्टेशन ( एफसीबी सीएस के लिए कम से कम 15 मीटर **x** 7 मीटर जगह की जरूरत होगी। पार्किंग का नियम- स्टैंडअलोन चार्जिंग स्टेशनों के लिए कुल पार्किंग क्षमता का केवल 20 प्रतिशत हिस्सा ही इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए माना जाएगा और इसी आधार पर चार्जिंग पॉइंट्स का अनुपात तय होगा।

### कहां-कहां खुल सकेंगे ये केंद्र

*सरकार के मुताबिक उन क्षेत्रों को भी चिन्हित किया गया है जहां ये केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। इनमें मध्य क्षेत्र, जिला केंद्र, सामुदायिक केंद्र, शहरी क्षेत्रों में आवासीय और औद्योगिक क्षेत्र, नेशनल और स्टेट हाईवे के किनारे, और माल परिवहन कॉम्प्लेक्स शामिल हैं। हालांकि, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह शर्त रखी गई है कि ये केंद्र ऐसी सड़कों पर नहीं बनाए जा सकेंगे जिनका 'राइट ऑफ वे' (सड़क की चौड़ाई) 30 मीटर से कम हो। पुराने शहरी क्षेत्रों में विशेष मामलों में ही अनुमति दी जाएगी। हाईवे के दोनों ओर हर 25 किलोमीटर पर एक पब्लिक चार्जिंग स्टेशन होगा। हर 100 किलोमीटर पर फास्ट चार्जिंग की सुविधा या फ्लूइड कूल्ड बैटरी चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध कराया जाएगा। बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बैटरी बदलने की सुविधा) का विकल्प भी सेवा प्रदाताओं को दिया गया है।*



### बागबाहरा में रविशंकर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया

**बागबाहरा।** गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा 13 मई को गुजराती धर्मशाला, बागबाहरा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर से आए आर्ट ऑफ लिविंग के प्रसिद्ध भजन गायक समीर भैया ने मधुर भजनों की प्रस्तुति कर श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सैकड़ों सदस्यों के अलावा नगर के विभिन्न सामाजिक, धर्मार्थ एवं जनहितकारी संस्थाओं के नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बागबाहरा आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्यों ने गुरुदेव रविशंकर के जन्मदिवस को यादगार और भव्य रूप में मनाने के लिए पूरे समर्पण से तैयारी की थी। समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने गुरुदेव जी के मार्गदर्शन में सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरण के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सक्रिय सदस्य विश्वजीत सिंह ठाकुर ने उक्त जानकारी दी ।

### पीडीएस चावल राइस मिल ले जाते पकड़ा गया, मामले की जांच जारी

**सरायपाली।** सरकारी राशन के चावल की अवैध रूप से हेराफेरी और कालाबाजारी का एक बड़ा मामला सामने आया है। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) के निर्देश पर राजस्व और खाद्य विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2800 किलोग्राम अवैध पीडीएस चावल जब्त किया है। बिना किसी वैध दस्तावेज के परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को पुलिस थाने के सुपुर्द कर दिया गया है।ग्राम केना से एक ट्रैक्टर में भारी मात्रा में पीडीएस का चावल लोड कर बिक्री के लिए राइस मिल ले जाया जा रहा था। इस दौरान रास्ता भटकने पर ट्रैक्टर के ड्राइवर ने फिल्मी अंदाज में लोगों से सराईपतेरा का रास्ता पूछा। ड्राइवर की संदिग्ध गतिविधियों को देखकर लोगों ने उसे सरायपाली का रास्ता बता दिया, जिसके बाद वह सीधा सरायपाली तहसील कार्यालय के समीप जा पंहुचा, जब उससे पूछताछ की गई, तो मामले का भंडाफोड़ हुआ। पूछताछ में ड्राइवर ने खुलासा किया कि जब्त किया गया चावल ग्राम केना निवासी चंद्रहास प्रधान का है। हालांकि, ड्राइवर ने स्वयं को इस अवैध धंधे से अनभिज्ञ बताया। उसने यह भी जानकारी दी कि उसके पीछे धान से भरी एक पिकअप वाहन भी आ रही है, जिसका चालक ही यह बताने वाला था कि इस चावल की डिलीवरी वास्तव में कहां करनी है। मामले की सूचना मिलते ही प्रभारी एसडीएम मनोज खांडे ने सख्त रुख अख्तियार किया।

# पिछले सीजन में खरीदे गए धान का बारिश से पहले उठाव करने खाद्य मंत्री का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पिछले खरीफ सीजन में खरीदे गए धान का उठाव बारिश के पहले करने का फरमान खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने दिया है। उन्होंने गुरुवार को विभागीय योजनाओं, धान उठाव, कस्टम मिलिंग तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में खरीफ वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के निराकरण, धान खरीदी केन्द्रों एवं संग्रहण केन्द्रों से धान के उठाव, कस्टम मिलिंग एवं एफसीआई तथा नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा किए जाने की प्रगति की समीक्षा की गई।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीफ वर्ष 2025-26 के उपार्जन केन्द्रों एवं संग्रहण केन्द्रों में शेष धान का उठाव 31 मई तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। उल्लेखनीय है कि उपार्जन केंद्रों मं 144 मीट्रिक टन और संग्रहण केंद्रों में 4.50 लाख मीट्रिक टन धान उठाव के लिए शेष है। उन्होंने कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अप्रैल, मई एवं जून के लिए तीन माह के एकमुश्त चावल भंडारण एवं वितरण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा में तीनों माह का राशन वितरण कार्य पूर्ण किया जाए ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**खाद्य मंत्री ने विभागीय समीक्षा कर धान उठाव और कस्टम मिलिंग की ली जानकारी**



### कर्मचारियों की भर्ती जल्द

समीक्षा बैठक में खाद्य संचालनालय, जिला कार्यालयों, नागरिक आपूर्ति निगम, राज्य भंडार गृह निगम तथा छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मंत्री श्री बघेल ने आवश्यक पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

### पीडीएस के कमीशन का शीघ्र करें भुगतान

राज्य में खाद्यान्न भंडारण क्षमता की समीक्षा करते हुए मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम द्वारा निर्माणाधीन गोदामों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर उपयोग में लाने के निर्देश दिए। बैठक में विधिक माप विज्ञान के कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण, पूरक पोषण आहार एवं मध्यान्ह भोजन जैसी योजनाओं से जुड़े कमीशन का भुगतान शीघ्र करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# विधायक ने खरीदा ई-रिक्शा पेट्रोल बचाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी अपनाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उत्तर क्षेत्र के विधायक ने नई पहल की है। इस क्रम में उन्होंने निजी उपयोग के लिए ई-रिक्शा खरीदा है।

विधायक पुरंदर मिश्रा ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि मैंने संकल्प लिया है कि रायपुर के स्थानीय आयोजनों एवं जनसंपर्क अभियान में अधिकतर ई-रिक्शा से ही आवागमन करेंगे। इसी क्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा आज "सुशासन तिहार गांव-गांव, द्वार-द्वार सुशासन की सरकार" के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में अपने नए ई-रिक्शा से पहुंचने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती खपत अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डाल सकती है। किसी प्रकार ईंधन की समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए जनप्रतिनिधि और आमजन छोटे-छोटे प्रयास करें, तो भारतीय मुद्रा की बचत के साथ प्रदूषण को भी कम किया जा सकता है। विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वाहन भविष्य की जरूरत हैं। इनके उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी।



### पर्यावरण के लिए जरूरी

उन्होंने लोगों से भी अधिक से अधिक ई-व्हीकल और ई-रिक्शा अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि "देशहित और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित "सुशासन तिहार" का उद्देश्य एक ही छत के नीचे लोगों की समस्याओं का निराकरण करना है, ताकि लोगों को भटकना न पड़े। इस अवसर पर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी, निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, जोन 4 की आयुक्त दिव्या चंद्रवंशी, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, शंकर नगर मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# भाजपा का अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव पर फोकस प्रारंभ हो गया है। एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब तीन हजार बूथों का इजाफा हो गया है। भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। भाजपा ने तो नए सिरे से सभी बूथों की कुंडली भी बना ली है। अब लगातार बैठकों का दौर प्रारंभ करके कमजोर बूथों को चिन्हित कर उनको मजबूत करने का काम किया जाएगा। भाजपा की कार्यसमिति में भी अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी करने पर मंथन किया गया है। भाजपा की चुनावों को लेकर हमेशा से ही अलग रणनीति रहती है। भाजपा किसी भी राज्य में चुनाव की तैयारी काफी पहले से प्रारंभ कर देती है। अप्रैल और मई में पांच राज्यों के चुनाव के बाद भाजपा ने अभी से 2027 और 28 में जिन भी विधानसभाओं में चुनाव होने हैं उसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ मे 2028 में चुनाव होगा। इसके लिए अभी करीब ढाई साल का समय है, लेकिन यहां पर अभी से तैयारी करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है।



### बूथों पर बड़ा फोकस

भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। बूथों को मजबूत करके भाजपा चुनाव जीतने का काम करती है। पिछले चुनाव में भी बूथों की पूरी कुंडली तैयार करके कमजोर बूथों पर फोकस किया गया और भाजपा एक बार फिर से सत्ता में वापस आई। अब एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब 25 हजार बूथों के स्थान पर करीब 28 हजार बूथ हो गए हैं तो भाजपा ने उन तीन हजार नए बूथों के साथ पुराने बूथों की भी कुंडली तैयार कर ली है। अब इसी माह से भाजपा की बैठकों की दौर प्रारंभ होने वाला है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक कल

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी जिला सहकारिता प्रकोष्ठ महासमुंद की प्रथम महत्वपूर्ण बैठक आगामी 17 मई रविवार को दोपहर 2:00 बजे भाजपा जिला कार्यालय महासमुंद में आयोजित की जाएगी। बैठक को लेकर जिलेभर के सहकारिता प्रकोष्ठ पदाधिकारियों एवं प्राधिकृत अध्यक्षों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार यह जिला सहकारिता प्रकोष्ठ की पहली औपचारिक बैठक होगी, जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने, सहकारिता क्षेत्र में कार्यों की रूपरेखा तय करने तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में संगठन की सक्रियता बढ़ाने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने एवं सहकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बताया जा रहा है कि बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारी एवं प्राधिकृत अध्यक्ष शामिल होंगे। संगठन की भावी रणनीति, जनसंपर्क अभियान तथा सहकारिता क्षेत्र में सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने को लेकर भी विशेष चर्चा होने की संभावना है। जिला सहकारिता प्रकोष्ठ की यह प्रथम बैठक संगठनात्मक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक के माध्यम से पदाधिकारियों को नईजिम्मेदारियों एवं कार्यों के प्रति मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं प्राधिकृत अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है। समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की गई है।

### समाज सेवी मनोरथ लाल की जयंती मनाई

**सरायपाली।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के महासमुंद जिला संयोजक एवं फुलझर राज यादव समाज सरायपाली बसना क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष स्व. मनोरथ लाल यादव के जन्म दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में मरीजों को फल वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वाधान में किया गया। उनके जन्म दिवस के अवसर पर गृह निवास महलपारा में रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

# नियमों को दरकिनार करते हुए संचालित किया जा रहा मीना बाजार

## एसडीएम की शर्तों का नहीं हो रहा पालन, मनोरंजन के नाम पर चल रहा जल परी का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर अग्रसेन भवन के पास मैदान में नियमों के विपरित आनंद मेला (मीना बाजार) संचालन किये जाने का मामला सामने आया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बसना के द्वारा नियम व शर्तों के आधार पर झूला, मारूति सर्कस मीना बाजार संचालन किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। मीना बाजार संचालक द्वारा मनोरंजन के नाम पर रिंग व गोला फेंक कर रुपए पैसे के दांव-पेंच जुआ का खेल, जल परी का खुलेआम संचालन किया जा रहा है। मनोरंजन के नाम पर क्षेत्र की आम जनता को लूटने का काम हो रहा है जबकि यह पूर्णतः प्रतिबंधित है। शासन प्रशासन के अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है क्या ? अगर है तो मीना बाजार संचालक के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। यह एक बहुत बड़ा सवाल है?

### मीना बाजार संचालन हेतु नियम व शर्तें

उल्लेखनीय है कि झूला, मारूति सर्कस, मीना बाजार संचालन हेतु सुरक्षा अग्नि शमन यंत्र की व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन के द्वारा सहायता केंद्र की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। मीना बाजार प्रारंभ करने के पूर्व विधिवत स्थल का बीमा किया जाना अनिवार्य है। वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था जिससे यातायात बाधित न हो। विद्युत आपूर्ति प्रकाश एवं पेयजल की



व्यवस्था, सफाई व्यवस्था सहित उपकरण, मशीन का फिटनेस चेक निरंतर करना होगा। मीना बाजार में किसी भी प्रकार से अप्रिय घटना होती है तो उसका जिम्मेदार मीना बाजार संचालक की होगी और क्षतिपूर्ति राशि देनी होगी। आपातकालीन द्वार के अलावा संबंधित अन्य विभागों से अनुमति आवश्यक है। इन सभी नियमों का पालन नहीं करने पर एसडीएम द्वारा दी गई अनुमति स्वतः निरस्त मानी जायेगी। गौरतलब है कि मीना बाजार संचालक द्वारा इन सभी नियमों पालन न कर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, सहायता केंद्र की किसी भी प्रकार से कोई व्यवस्था नहीं है। सुरक्षा उपकरण एवं अग्नि शमन यंत्र की व्यवस्था कहीं नजर नहीं आती। मीना बाजार स्थल का अनुमति लेने के पूर्व बीमा (इंश्योरेंस) कराना आवश्यक है। परंतु, मीना बाजार स्थल बीमा है कहां यह एक बहुत बड़ा सवाल है ? सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है गंदगी पसरी हुई है।

### दो वर्ष पूर्व हुई थी चाकूबाजी व गैस सिलेंडर फटने की घटना

दो वर्ष पूर्व मीना बाजार स्थल पर चाकू बाजी की घटना हुई थी। एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया था। बसना पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध भादवि अपराध क्रं की धारा 294, 307, 323, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध हुआ था। उसके पहले वर्ष सिलेंडर फटने की घटना हुई थी। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए उचित व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। नगर पंचायत, पुलिस प्रशासन द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिये जाने के पूर्व संचालक के द्वारा मीना बाजार स्थल पर नियत तिथि तक का बीमा कराया गया है या नहीं। इसकी भी जांच आवश्यक है।

## आयोजन : खाद्य मंत्री बघेल मुढ़ीपार समाधान शिविर में हुए शामिल

# समाधान शिविर में मंत्री बघेल ने कहा प्रत्येक आवेदन का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार के तहत जिले के पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं बसना विधायक संपत अग्रवाल मौजूद रहे।



शिविर में खाद्य मंत्री बघेल एवं अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। इस दौरान मंत्री बघेल ने विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए तथा लंबित मामलों का समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में 18 ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है। बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का निराकरण गांव स्तर पर ही हो तथा लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम बन रहा है।

इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला सीईओ हेमंत नंदनवार, जनपद अध्यक्ष ऊषा धृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल, विधायक प्रतिनिधि कैलाशचंद्र अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिन्हा, कंवलजीत सिंह छाबड़ा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, सीताराम सिन्हा, सरपंच सुमित्रा पटेल, सादर राम पटेल, अजय डड़सेना, अजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

शिविर में आमजन की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित 1600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जिसका मौके पर निराकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर सुपोषण कीट, अन्नप्राशन, गोद भराई, 04 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, स्वामित्व पट्टा तथा हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।



### नया रावण भाठा वार्ड में विधायक का स्वागत, विकास कार्यों के लिए सौंपा गया मांग पत्र

**महासमुंद।** नगर के नया रावण भाटा वार्ड क्रमांक 30 में क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत वार्ड में पहुंचे। कार्यक्रम में वार्ड की पार्षद धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। जनसंपर्क के दौरान विधायक ने आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा वार्ड के विकास को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर पार्षद धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी ने वार्डवासियों की ओर से विधायक को मांग पत्र सौंपते हुए क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं की जानकारी दी। मांग पत्र में देवार डेरा के सामने सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति की मांग की गई।
पार्षद ने बताया कि क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण महिलाओं, बुजुर्गों एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से वार्डवासी इस सुविधा की मांग कर रहे हैं। साथ ही संजय गार्डन के पीछे मुक्तिधाम निर्माण हेतु 5 लाख रुपए की मांग भी विधायक के समक्ष रखी गई। वार्डवासियों ने बताया कि मुक्तिधाम की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कार्यों में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मुक्तिधाम निर्माण क्षेत्र की अत्यंत आवश्यक जरूरत बन चुकी है।

## महिला कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष से अंकित ने की मुलाकात



**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने राजधानी के राजीव भवन में आयोजित महिला कार्यकारी अध्यक्ष के पद भार ग्रहण समारोह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस बाबा, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद द्वय ज्योत्सना महंत, फूलो देवी नेताम, प्रभारी महामंत्री मलकीत गैंदू सहित कई पूर्व मंत्री, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक और हजारों महिलाओं की उपस्थिति में कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर आसीन हुई विधायक संगीता सिन्हा को मिलकर छत्तीसगढ़ी राजगमछा पहनाते हुए शीघ्र महासमुंद आगमन का न्योता दिया।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने दिए निर्देश, पेयजल संकट और भालुओं के खतरे पर जताई गंभीर चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी में जीवनदीप समिति की महत्वपूर्ण बैठक जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर, सुरक्षित एवं जनहितकारी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने बैठक में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खम्हारिया एवं जुनवानी की जीवनदीप समिति की बैठक भी संयुक्त रूप से आयोजित की गई, जिसमें तीनों स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई व्यवस्था, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा शासन की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी संचालन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी स्वास्थ्य सेवाएं समयबद्ध एवं जिम्मेदारी के साथ संचालित की जाएं।

बैठक के दौरान अस्पतालों में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। केशव चंद्राकर ने निर्देश दिए कि अस्पताल से निकलने वाले जैव अवशिष्ट एवं चिकित्सकीय कचरे का निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार सुरक्षित निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रंग-कोडित पृथक्करण, सुरक्षित संग्रह एवं परिवहन व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

जनपद अध्यक्ष ने अस्पतालों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वाटर स्टोरेज टैंक की नियमित सफाई कराने तथा उसकी अगली सफाई तिथि टंकी पर अंकित करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों एवं आमजनों की सुविधा के लिए अस्पताल परिसर में वाटर कूलर एवं वाटर फिल्टर लगाए जाने पर भी चर्चा की गई।

गर्मी के मौसम को देखते हुए केशव चंद्राकर ने सभी स्वास्थ्य



केंद्रों में ओआरटी कॉर्नर को सक्रिय एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों के लिए शुद्ध पेयजल एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। बैठक में कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति एवं मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार पर भी विशेष जोर दिया गया। जनपद अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने तथा मरीजों के साथ विनम्र व्यवहार रखने के निर्देश दिए। शिकायत एवं सुझाव पेटी को प्रत्येक 15 दिवस में खोलकर रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा एजी-3/पीएडीओ से संबंधित रिपोर्टिंग एवं नेक्स्टजेन कार्य समय पर पूर्ण करने को कहा गया। अस्पताल एवं मरीजों की आवश्यकता को देखते हुए आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर द्वारा अनुमोदन भी प्रदान किया गया।

बैठक में अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। अधिकारियों ने जनपद अध्यक्ष को बताया कि अस्पताल परिसर में चारों ओर बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण लगातार जंगली भालुओं का प्रवेश हो रहा है, जिससे मरीजों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। इस पर केशव चंद्राकर ने गंभीर चिंता जताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए तथा शीघ्र अहाता निर्माण कराने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी में पेयजल समस्या को लेकर भी चर्चा हुई। अस्पताल में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था नहीं होने से मरीजों एवं कर्मचारियों को हो रही परेशानियों से जनपद अध्यक्ष को अवगत कराया गया। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान निकालने के निर्देश दिए।

बैठक में विधायक प्रतिनिधि खेमराज सिन्हा, जनपद सदस्य बलराम ध्रुव, पूर्व सरपंच रामजीलाल सिन्हा पूर्व सरपंच रिंकू चेतन चंद्राकर वरिष्ठ समाजसेवी मनहरन गुप्ता, जनप्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं विद्युत विभाग से जेई प्रशांत तिवारी तथा स्वास्थ्य विभाग से डॉ. दिलीप सतपथी, डॉ. बी.एल. मिश्रा, डॉ. संजय दवे, डॉ. गेवेंद्र नौरंगे, डॉ. आराधना मिश्रा, शेखर साहू, टाकेश्वर सिन्हा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक के अंत में जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा।

## पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम जनता पर आर्थिक हमला : रश्मि

**महासमुंद।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक



नीतियों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बेलगाम होती जा रही है और सरकार सिर्फ तमाशबीन बनी हुई है। डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि पेट्रोल में 3.14 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 3.11 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी जनता पर सीधा आर्थिक हमला है। पहले ही महंगाई से परेशान लोगों के लिए अब घर चलाना और मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब रोजगार नहीं बढ़ रहे, वेतन नहीं बढ़ रहा और आमदनी सीमित है, तब सरकार लगातार कीमतें बढ़ाकर जनता को आर्थिक संकट में धकेल रही है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमत बढ़ने का असर हर क्षेत्र में दिखाई देता है। माल भाड़ा बढ़ने से खाद्य सामग्री, फल-सब्जियां, दवाइयां, स्कूल फीस, परिवहन और दैनिक जरूरत की वस्तुएं महंगी हो जाती हैं। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। डॉ. चंद्राकर ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता की गाढ़ी कमाई को टैक्स और बढ़ती कीमतों के जरिए लूटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को आम आदमी की समस्याओं से कोई मतलब नहीं रह गया है। देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है, लेकिन सरकार सिर्फ बड़े-बड़े दावे करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा, "जब कमाई नहीं बढ़ रही, तब हर दिन बढ़ते दाम जनता के साथ अन्याय नहीं बल्कि आर्थिक अत्याचार हैं। आखिर जनता को राहत कब मिलेगी? डॉ. रश्मि चंद्राकर ने मांग की कि पेट्रोल-डीजल के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं तथा महंगाई नियंत्रित करने के लिए सरकार ठोस नीति बनाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।



## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया

**महासमुंद** । ग्राम खरोरा में अंतराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया। हर साल परिवार दिवस 15 मई को मनाया जाता है। यह दिन समाज की मूल इकाई के रूप में परिवार के महत्व, उनके कल्याण शिक्षा और बच्चों के विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूकता करने के लिए मनाया जाता है। परिवार व्यक्ति को प्रेम सुरक्षा और स्थिरता प्रदान करता है, जिससे मानसिक मजबूती मिलती है। यह हमारे सामाजिक ढांचे की नींव है, जहां बच्चे संस्कार और नैतिक मूल्य सीखते




### केंद्रीय शिक्षा मंत्री के हाथों सम्मानित हुईं हेमलता

**महासमुंद**। सामाजिक कार्यकर्ता हेमलता राजपूत ने बताया कि 11, 12 मई 2026 को दिल्ली के ताज होटल में सीआईआई फाऊंडेशन द्वारा आयोजित एनुवल बिजनेस सबिट 2026 के द्वारा भारत के 25 राज्यों से 20 विमेन एग्जाप्लर अवार्ड 2026 का घोषणा किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के जिला महासमुंद से सामाजिक कार्यकर्ता हेमलता राजपूत को महिला और बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में जो युवा महिला और बालिका व्यवस्था के अभाव ये पढ़ाई बीच में छोड़ देती है, उन्हें लगातार हेमलता द्वारा अच्छा माहौल प्रदान कर शिक्षा की मुख्य धारा से विभिन्न माध्यमों से जोड़ा गया। यह अवार्ड सामाजिक कार्यकर्ता हेमलता को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा प्रदान किया गया।

### मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई को

**धमतरी**। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। योजना के तहत वर्तमान में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। पात्रता के लिए कक्षा 4 वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड होना आवश्यक है। जिला धमतरी के लिए अनुसूचित जाति वर्ग से 3 तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग से 3 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

## बारिश से रबी धान फसल को भारी नुकसान, किसानों में छाई मायूसी





**अरंड (पिथौरा)**। अरंड क्षेत्र में 15 मई को 3 बजे रात हुई बारिश से फसल को नुकसान पहुंचा। रबी फसल धान कटाई की तैयारी में है, लेकिन बारिश के करण धान का नुकसान हो रहा है। ग्राम खुटेरी अरंड, नयापारा कला में किसानों ने धान की फसल ली है।

### आफत : तेज बारिश से उतार खेतों में पानी का ठहराव मिली गर्मी से राहत

# आंधी-तूफान से बिजली खंभों पर गिरी शाखाएं टिन शेड भी उड़े, जगह-जगह ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

क्षेत्र में गुरुवार रात में 'तेज आंधी-तूफान और भीषण गर्जना के साथ तेज बारिश हुई। जिसके कारण अनेक स्थानों में पेड़ के डंगाल गिरने से परसुली में विद्युत पोल तार क्षतिग्रस्त हो गया। नर्रा सोसायटी के टिन शेड भी उड़ गए, जहां एक ओर इस बारिश के कारण ठंडक से लोगों को भीषण गर्मी व उमस से राहत जरूर मिली है। दूसरी ओर तेज हवा के चलते पेड़ की डंगाल तार व पोल में गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा।

अचानक मौसम के मिजाज बदल गए पहले तेज आंधी-तूफान के बीच तेज गर्जना हुई, इसके चलते पूरे क्षेत्र में ब्लैक आउट रहा।



**बिजली व्यवस्था ठप**

तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर बिजली के तारों और पोल पर जा गिरी। इससे विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिसके चलते पूरे क्षेत्र में 'ब्लैक आउट' की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक आधी रात को तेज हवा के चलते कच्चे मकानों और दुकानों के टिन शेड उड़ गए, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। रबी फसल धान के लिए भी यह बारिश परेशानी कारण बन गई है। वर्तमान में रबी सीजन का धान पकने की कगार पर है या कई जगहों पर कटाई का कार्य चल रहा है, ऐसे में इस बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी

## सीबीएससी में केंद्रीय विद्यालय का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**महासमुंद**। सीबीएसई द्वारा 13 मई को जारी कक्षा 12वीं के परिणाम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में आदित्य साहू ने 92.2 प्रतिशत लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कुणाल साहू 92% लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। तृतीय स्थान पर विज्ञान संकाय की कनिष्का वर्मा रही। जिन्हें अंग्रेजी में 97 तथा बायोलॉजी में 93 अंक प्राप्त हुए। वाणिज्य संकाय से आकृति धीवर 91.8 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त खेमराज कंवर एवं देविका साहू ने योग में 100 में 100 अंक प्राप्त किया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल, प्रधान अध्यापिका कांता एक्का, नीता दास, पीजीटी हिंदी, एसके सिंह पीजीटी अंग्रेजी, रोहिता बंसोड़ पीजीटी रसायन एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं लोकेश सिंह, शिवानी, आर्यन मेम, विवेकानंद प्रधान, रत्नेश तिवारी, डॉली जैन सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की। जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए छात्रों एवं अभिभावकों तथा पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय को साधुवाद दिया है।



## जनता को राहत पहुंचाने पेट्रोल-डीजल को टैक्स फ्री करे सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व

- केंद्र व राज्य सरकार टैक्स छोड़ दें तो 50 रुपए लीटर मिलेगा

महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से ही महंगाई कम करने और अच्छे दिन लाने के वादे किये थे। 100 दिन में महंगाई से राहत प्रदान कर जनता को किफायती दर पर रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने की बात उन्होंने कही थी। 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के पहले मोदी को 400 रुपए की रसोई गैस और 70 रुपए प्रति लीटर का पेट्रोल महंगी लगती थी। आज केंद्र में उनकी सरकार बने 12 साल बीतने को हैं, और उनकी सरकार बनने के बाद 1000 रु. की रसोई गैस तथा 104 रु. में पेट्रोल मिल रहा है। इस पर उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए। देश के 5 राज्यों में चुनाव खत्म होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी खर्च की वसूली के लिए जनता पर एक और बोझ डाल दिया है। पेट्रोल-डीजल के दामों में 3-3 रूपए की वृद्धि कर सरकार ने बता दिया है कि उन्हें आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं।



चंद्राकर ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए जाने का असर खाद्य सामग्रियों, बस का सफर, सब्जियों के दाम में बढ़ोत्तरी के रूप में देखने को मिलेगा। रसोई से लेकर सफर तक हर चीज़ महंगी होती जा रही है, लेकिन जनता की परेशानियों पर सरकार मौन है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में पहले इजाफा होता था तो हंगामा मच जाता था। अब यह देशभक्ति के नाम पर बढ़ाए जा रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि केवल एक आर्थिक फैसला नहीं है, बल्कि यह केंद्र सरकार की उन नीतियों का परिणाम है जो आम आदमी के हितों के बजाय केवल राजस्व वसूली को प्राथमिकता देती हैं। यदि भाजपा की सरकार जनहितैषी हैं तो केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार है, दोनों को अपने-अपने हिस्से का टैक्स से मिलने वाले कमीशन छोड़ना चाहिए। केंद्र व राज्य सरकार अपने हिस्से का टैक्स माफ कर दें तो जनता को पेट्रोल 50 रु. प्रति लीटर में मिलने लगेगा। क्योंकि, पेट्रोल में केंद्र सरकार 32.90 रु. व राज्य सरकार 20 रु. टैक्स की वसूली जनता से कर रही है।

## जगन्नाथ पुरी में भागवत कथा के लिए तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जगन्नाथ पुरी में भागवत कथा के

- जगन्नाथ पुरी में 17 मई से 23 मई तक भागवत कथा

लिए तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था रवाना हुआ। दो बस में करीब 90 यात्री 16 मई को रवाना होंगे। पुरुषोत्तम मास के अवसर पर भागवत कथा आयोजन समिति महासमुंद द्वारा जगन्नाथ पुरी में 17 मई से 23 मई तक भागवत कथा का आयोजन किया गया है। आचार्य पंकज तिवारी कथा व्यास से भगवान के लीलाओं का रसपान कराएंगे। 15 मई को दोपहर 2 बजे मुख्य यजमान शंकर इंद्राणी पांडे व आयोजन समिति के सदस्यों ने बस का पूजन किया और जयघोष के साथ पुरी धाम के लिए बस रवाना हुई। इसके पूर्व शुभ मुहूर्त में सुबह 7:45 बजे आचार्य पंकज तिवारी के निवास में भगवान लड्डू गोपाल और भागवत पोथी का पूजन कर बस के लिए प्रस्थान कराया गया। शंखनाद और घंट ध्वनि के साथ भगवान बस में विराजित हुए। तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं और विदा करने दीपक तिवारी, पूर्व पार्षद चमन चंद्राकर, शैलेश गुप्ता, अनिरुद्ध, अजय चंद्राकर आदि मौजूद थे। इस बस में मारकंडेय पुष्पा चंद्राकर, आयोजन समिति के बाबूलाल मीना साहू, मूलचंद सीमा लड्ढा, दिलीप प्रभा जैन, राजेश नायक, विजय चंद्राकर, विपिन चंद्राकर, दिनेश साहू के अलावा रायपुर, कोसरंगी के तीर्थ यात्री हैं।




**सौ से अधिक तीर्थ यात्री आज होंगे रवाना**

भागवत कथा श्रवण करने करीब सौ से अधिक तीर्थ यात्रियों का जत्था शनिवार 16 मई को जगन्नाथ पुरी के लिए रवाना होंगे। दो वसों में 90 व ट्रेन में 15 से अधिक तीर्थ यात्री रवाना हो रहे हैं। इसके अलावा अपने निजी साधन कार से भी यात्री रवाना होंगे। आयोजन समिति के देवेंद्र चंद्राकर ने बताया कि सह यजमान मनोजकांत साहू अपने निजी साधन से पुरी पहुंचेंगे। वहीं एक बस का नेतृत्व करते हुए सह यजमान हेमंत तारा चंद्राकर बस से पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व बद्रीनाथ, रामेश्वरम और द्वारका पुरी धाम में भागवत कथा का आयोजन गत वर्षो में किया गया था।

## एसएलआरएम सेंटर की स्वच्छता दीदियों ने नगर पालिका अध्यक्ष को बताई समस्याएं

**महासमुंद**। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत संचालित एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से मुलाकात कर कार्य के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। स्वच्छता दीदियों ने बताया कि सेंटर में कार्य करते समय आवश्यक संसाधनों, सुरक्षा उपकरणों एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता महसूस हो रही है। स्वच्छता दीदियों ने अध्यक्ष को बताया कि नियमित रूप से कचरा पृथक्करण एवं सफाई कार्य करने के दौरान कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कार्यस्थल पर पर्याप्त सुरक्षा सामग्री एवं वाहनों के समय पर मरम्मत कराने की मांग रखी। नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वच्छता दीदियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता दीदियां नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, तथा उनके हितों एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श, सुपरवाइजर टिकेश्वरी मिरी, प्रिया दुबे आदि उपस्थित रहे।



## सेजेस पटेवा में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया

**महासमुंद**। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पटेवा में सत्र 2026-2027 के लिए प्रायमरी, मिडिल, हाईस्तर की कुल 6 कक्षाओं 2, 3, 4, 6, 7, 9 के लिए लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया संपन्न हो गई। सेजेस पटेवा के प्रांगण में प्रातः 9 बजे से 11.30 बजे चले प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आवेदन करने वाले बच्चों के पालक दूर दराज क्षेत्र से बड़ी संख्या में उपस्थित हुए तथा बड़ी संख्यां में क्षेत्र के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि तथा सामान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। चयनित विद्यार्थी यदि 20 मई तक अपना प्रवेश संबंधी प्रकिया पूर्ण नहीं कर पाते हैं तो उनका सीट प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को आबंटित कर दिया जाएगा। जनप्रतिनिधियों की ओर से पालक तथा उप सरपंच, ग्राम पंचायत पटेवा संतोष शर्मा ने विद्यालय प्रशासन को प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण करने पर हर्ष जताया। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा करते हुए वर्तमान प्राचार्य (प्रभारी) अरुण कुमार बेनर्जी ने समस्त उपस्थित पालकों, नागरिक, जनप्रतिनिधिगण और विद्यालय के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## सराफा कारोबार पर मोदी छाप ताला लगाने की तैयारीः आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 साल तक जनता को सोना नहीं खरीदने की अपील को छग राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने मोदी सरकार द्वारा सराफा कारोबार को ठप करने की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि देश पहले ही आर्थिक मंदी, बेरोजगारी और बाजार में घटती खरीद क्षमता जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे समय में इस तरह का बयान कारोबार को और कमजोर कर सकता है।



चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ सरकार व्यापार बढ़ाने और आत्मनिर्भर भारत की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ करोड़ों लोगों को रोजगार देने वाले कारोबार को प्रभावित करने वाले बयान दिए जा रहे हैं। इससे बाजार में डर और अस्थिरता का माहौल बन रहा है। आलोक ने कहा कि नोटबंदी और गलत जीएसटी व्यवस्था के बाद अब सराफा व्यापार पर मोदी छाप ताला लगाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की आर्थिक नीतियों का असर सीधे छोटे व्यापारियों और उनके परिवारों पर पड़ रहा है। सराफा कारोबार से लाखों परिवारों की रोजी-रोटी जुड़ी हुई है। अगर बाजार में इसी तरह की अनिश्चितता बनी रही तो छोटे दुकानदारों और कर्मचारियों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है।

### मोबाइल से दूर रखकर क्रिएटिव एक्टिविटी में लगाना आयोजन का मुख्य ध्येय

# शिशु संस्कार केंद्र में लगा ग्रीष्मकालीन समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बच्चों को नया सिखाना, मनोरंजन, आत्मविश्वास बढ़ाना, मोबाइल से दूर रखकर क्रिएटिव एक्टिविटी में लगाना मुख्य उद्देश्य को लेकर शिशु संस्कार केंद्र में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 01 मई से 15 मई तक आयोजित समर कैंप का समापन 13 मई 2026 को उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस समर कैंप में लगभग 55 बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कैंप में 8 वर्ष से 11 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में शिक्षण समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद मालू, प्रबंधक मनोहर महंती सहित प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेंडरी विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा अतिथियों के तिलक स्वागत एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं सुस्वागतम गीत पर बच्चों द्वारा आकर्षक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। छोटे बच्चों के समूह द्वारा भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित सभी अतिथियों ने खूब सराहा।



समर कैंप के दौरान बच्चों ने ड्राइंग, क्राफ्ट, क्ले आर्ट, फायरलेस कुकिंग, डांस, गेम्स, योग, व्यक्तित्व विकास एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियां ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग, मित्रता और मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का साहस भी सीखा। बच्चों द्वारा तैयार किए गए सुंदर क्राफ्ट एवं कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। समिति के सदस्यों एवं अतिथियों ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। समर कैंप के दौरान प्रतिदिन बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के लिए पुरस्कृत भी किया गया तथा समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने अनुभव एवं विचार साझा करते हुए समर कैंप को अत्यंत उपयोगी एवं आनंददायक बताया। समर कैंप की सफलता में शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। उनके समर्पण, धैर्य और प्रेम से बच्चों को नई नई गतिविधियां सिखाने एवं सहयोग हेतु शाला परिवार द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन तारा कोचर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

किरण निषाद एवं तारा कोचर के नेतृत्व में ड्राइंग सिखाने में संगीता गोस्वामी, प्रिया यादव, तारा साहू, श्वेता कापसे, क्राफ्ट में त्रिवेणी चंद्राकर, विद्या दुबे, मोनिका नामदेव, शाहिना खान, लक्ष्मी मानिकपुरी, उषा ठाकुर, फायर लेस कुकिंग में किरण, तारा कोचर, संगीता गोस्वामी, पूनम यादव, उमा भारती मोहंती, रीना बजाज, रीना राठौड़, उमा समद्दर, डांस सिखाने में श्रद्धा सोनी, संगीता गोस्वामी, पूनम यादव, खेल खिलाने में तारा कोचर, मीडिया में पूनम यादव, जास्मिन खान एवं नेहा गिरी गोस्वामी का सराहनीय योगदान रहा।

